RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/01/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Janadesh Today , Balrampur, (UP)

रैपिड एक्शन फोर्स के साथ क्षेत्राधिकारी नगर सहित कोतवाली नगर और कोतवाली देहात ने किया फ्लैग मार्च

जनादेश टुडे

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट लोकेश बाबू के नेतृत्व में आगामी गणतंत्र दिवस 2023 व चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर/कोतवाली देहात द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 91 बटालियन आर०ए०एफ० (रैपिड एक्शन फोर्स) व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कस्बा/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। जिसमें रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट लोकेश बाबू द्वारा बताया गया कि सांप्रदायिक दंगा अथवा दंगे की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं आवश्यक सूचना संकलित करने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर परिचितीकरण कर जनता में विश्वास पैदा करना ही हमारा उद्देश्य है। स्थानीय पुलिस टीम के साथ फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया गया।

विद्यार्थी अनुशासन को बनाएं अपने जीवन का अहम हिस्सा : प्रवीण

उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्रों के साथ सफाई करते रैफ के जवान ● जागरण

संसू, आदित्यपुर : उत्क्रमित उच्च विद्यालय न्यू कालोनी में गुरुवार को रैफ-106 बटालियन ने छात्रों को सुरक्षा व सेना से संबंधित जानकारी दी। विद्यार्थियों को विभिन्न परिस्थिति में सेना व रैपिड एक्शन फोर्स समेत विभिन्न प्रकार के गैर सामाजिक कार्यों को कंट्रोल करने के लिए सुरक्षात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस क्रम में अस्त्र-शस्त्र का भी प्रदर्शन किया गया। सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को अहम हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर रैफ की ओर से विद्यालय परिसर में पौधारोपण व स्वच्छता अभियान चलाया गया। रैफ की टीम व कमांडेंट ने विद्यालय के विज्ञान प्रदर्शनी व पुस्तकालय का प्रदर्शन किया। मौके पर थाना प्रभारी रंजन कुमार, इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, आरएसए कन्हैया आदि उपस्थित थे।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।